कोटा विश्वविद्यालय, कोटा

महाराव भीमसिंह मार्ग, कबीर सर्किल के पास, कोटा–324005

प्रबन्ध–मण्डल की 44वीं बैठक दिनांक 16.02.2023

प्रबन्ध–मण्डल की 44वीं बैठक दिनांक 16.02.2023 को अपराह्न 12:15 बजे विश्वविद्यालय के सरस्वती भवन स्थित बैठक हॉल में माननीया कुलपति महोदया की अध्यक्षता में आयोजित होनी प्रस्तावित थी, परन्तु बैठक प्रारंभ होते ही सचिव, उच्च शिक्षा विभाग (ग्रुप–4), राजस्थान सरकार द्वारा दूरभाष पर माननीय कुलपति महोदया को विधानसभा सत्र होने के कारण उक्त बैठक को स्थगित करने के निर्देश प्रदान किये। चूंकि बैठक में सम्मिलित होने के लिए माननीय प्रबंध मण्डल सदस्य आ चुके थे। अतः एक औपचारिक बैठक कर दिनांक 16.02.2023 को आयोजित होने वाली बैठक को स्थगित करने का निर्णय लिया गया तथा किसी भी मद पर विचार–विमर्श नहीं किया गया। विश्वविद्यालय के दिनांक 28.02.2023 को नवम् दीक्षांत समारोह के आयोजन को दृष्टिगत रखते हुये परीक्षा वर्ष 2020 की समस्त उपाधियों का 'ग्रेस पास' होना अति आवश्यक है। अतः उक्त मद को पृथक से circulation mode से प्रबंध मण्डल सदस्यों को प्रेषित कर अनुमोदन प्राप्त करने का निर्णय लिया गया।

आज की इस औपचारिक बैठक में निम्नांकित की सहभागिता रही:–

	प्रो0 नीलिमा सिंह माननीया कुलपति महोदया, कोटा विश्वविद्यालय, कोटा	अध्यक्ष
2.	**डॉ. मोहम्मद नईम** नामित सदस्य, सचिव, उच्च शिक्षा विभाग (ग्रुप–4), राजस्थान सरकार, जयपुर	सदस्य
3.	**डॉ. मनोरंजन शर्मा** कुलाधिपति द्वारा नाम निर्देशित सदस्य	सदस्य
4.	**डॉ. संजय भार्गव** राज्य सरकार द्वारा नाम निर्देशित प्राचार्य	सदस्य
5.	**प्रो. रीना दाधीच** कुलपति द्वारा नाम निर्देशित आचार्य	सदस्य
6.	**डॉ. अनिता सुखवाल** कुलपति द्वारा नाम निर्देशित अधिष्ठाता	सदस्य
7.	**डॉ. के.के. शर्मा** कुलपति द्वारा नाम निर्देशित अधिष्ठाता	सदस्य
8.	**डॉ. अनुकृति शर्मा** विश्वविद्यालय अध्यापक–निर्वाचित सदस्य	सदस्य

17.2.23

9. **डॉ. कृष्ण कुमार शर्मा** सदस्य
विश्वविद्यालय अध्यापक–निर्वाचित सदस्य

10. **डॉ0 आर.के. उपाध्याय** सदस्य सचिव
कुलसचिव

सचिव वित्त विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर; आयुक्त, महाविद्यालय शिक्षा, राजस्थान, जयपुर; प्रो0 भगवती प्रसाद सारस्वत, कुलाधिपति द्वारा नामित सदस्य, श्री पानाचंद मेघवाल, माननीय विधायक, अटरू जिला बारां; श्रीमती इन्द्रा मीणा, माननीय विधायक, बामनवास, सवाई माधोपुर; डॉ. एकता धारीवाल, राज्य सरकार द्वारा नाम निर्देशित शिक्षाविद्; डॉ0 जगदीश प्रसाद सैनी, राज्य सरकार द्वारा नामित सदस्य एवं डॉ. राजवन्त सन्धु, प्राचार्य, प्रगति शिक्षण प्रशिक्षक महाविद्यालय, कोटा राज्य सरकार द्वारा नामित निजी महाविद्यालय, प्राचार्य बैठक में उपस्थित नहीं हो सके।

आगामी दीक्षांत समारोह (दिनांक 28.02.2023) में सम्मिलित होने के लिए सदस्य सचिव, प्रबंध मण्डल व कुलसचिव, कोटा विश्वविद्यालय, कोटा द्वारा प्रबंध मण्डल के सभी माननीय सदस्यों से अनुरोध किया गया।

बैठक में उपस्थित माननीय सदस्यों द्वारा आसन को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

(प्रो. नीलिमा सिंह)
कुलपति
एवं अध्यक्ष

19.2.23
(डॉ. आर.के. उपाध्याय)
कुलसचिव
एवं सदस्य सचिव

D:/ Kapil/ Board of Mgmt. Minutes/3